**प्रेरणा**

जीवन में आपको रोकने-टोकने वाला कोई है तो उसका एहसान मानिए, क्योंकि जिन बागों में माली नहीं होते, वो बाग जल्दी ही उजड़ जाते हैं।

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-5 • 05 JULY TO 11 JULY 2024 • VOLUME 49 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA AUSTRALIA USA
U.K SINGAPORE EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply


# पीएम मोदी ने टी20 वर्ल्ड कप विजेताओं से की मुलाकात

## विराट कोहली ने पीएम मोदी के लिए दिया स्पेशल मैसेज



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अपने आवास पर आईसीसी टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की मेजबानी की। भारतीय टीम ने दिल्ली एयरपोर्ट पर फैंस द्वारा मिले जोरदार स्वागत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की है। जिक्रयोग्य है कि भारतीय टीम तूफान बेरिल के कारण कैरेबियाई द्वीप में फंसी रही। तूफान में फंसने के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम स्वदेश लौटी। एयर इंडिया का विशेष चार्टर विमान ने टी20 विश्व कप विजेताओं को सुबह दिल्ली पहुंचाया।

राष्ट्रीय राजधानी के खराब मौसम की परवाह किए बिना टीम इंडिया के सैकड़ों समर्थकों ने हवाई अड्डे के बाहर विश्व कप नायकों के स्वागत के लिए राष्ट्रीय ध्वज लहराया तथा विशेष तख्तियां पकड़ी। दिल्ली स्थित अपने आवास पर टीम इंडिया की मेजबानी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत के साथ काफी समय तक बातचीत की। पूर्व भारतीय कप्तान ने ट्विटर के नाम से मशहूर एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक विशेष संदेश साझा किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में भारत के लिए 76 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले कोहली ने कहा कि आज हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर बहुत सम्मान मिला। प्रधानमंत्री आवास पर हमें आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद सर। विराट कोहली, रोहित शर्मा और विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान "चैंपियंस" लिखी भारतीय जर्सी पहनी थी। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों के साथ बातचीत करने से पहले रोहित शर्मा की टीम इंडिया के साथ एक तस्वीर भी खिंचवाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे चैंपियन के साथ एक उत्कृष्ट बैठक हुई। 7, लोक कल्याण मार्ग में विश्व कप विजेता टीम की मेजबानी की और टूर्नामेंट के दौरान उनके अनुभवों पर एक यादगार बातचीत हुई।

## मरीन ड्राइव पर जनसैलाब, वानखेड़े स्टेडियम में विश्व विजेताओं का सम्मान



फोटो-बीसीसीआई

**मुंबई.** टी20 विश्व कप 2024 में चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया का जबरदस्त तरीके से देश में स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद मुंबई में भी खिलाड़ियों का जबरदस्त तरीके से स्वागत किया गया। मुंबई में मरीन ड्राइव पर विजय जुलूस निकाला गया जिसमें हजारों फैंस शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। उधर, विश्व विजेता खिलाड़ी अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। वह लोगों को विश्व कप की ट्रॉफी दिखा रहे थे और हाथों में तिरंगा लहरा रहे थे। खिलाड़ी उत्साह में थे, उमंग में थे और लोगों के साथ खुद भी झूम रहे थे। जय शाह पहले ही 125 करोड़ रुपए इनाम की घोषणा कर चुके हैं। गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में विश्व विजेताओं के सम्मान में बड़ा कार्यक्रम रखा गया। बीसीसीआई के सचिव जय शाह भी वहां मौजूद रहे। उनके साथ उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी थे। मरीन ड्राइव पर विक्ट्री परेड में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी गई। खुद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे ने मुंबई पुलिस आयुक्त को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मरीन ड्राइव और वानखेड़े स्टेडियम में एकत्र हुए भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यातायात का कोई कुप्रबंधन या असुविधा न हो। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। खिलाड़ियों की वापसी के दौरान नाच-गाना हो रहा था, खूब सारे केक थे और सड़कों पर प्रशंसक थे जो दर्शा रहे थे कि क्रिकेट देश में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला खेल क्यों है। पिछले शनिवार को टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब अपने नाम किया।

## सीएम रेवंत रेड्डी ने पीएम मोदी से की मुलाकात, अहम मुद्दों पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली.** तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। तेलंगाना के सीएम ने अपने डिप्टी भट्टी विक्रमार्क मल्लू के साथ सबसे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की, जहां उन्होंने राज्य के विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

इसके अलावा दोनों ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की, जहां तेलंगाना के शीर्ष नेतृत्व ने कथित तौर पर पीएम मोदी के साथ दक्षिणी राज्य की प्रमुख लंबित परियोजनाओं को उठाया। सूत्रों के अनुसार पिछले महीने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद मोदी और रेड्डी के बीच पहली बैठक के दौरान नेताओं ने दक्षिणी राज्य में प्रमुख लंबित परियोजनाओं पर चर्चा की। जिक्रयोग्य है कि तेलंगाना के सीएम रेड्डी और पीएम मोदी के बीच मुलाकात लगभग एक महीने बाद हुई है जब दोनों ने पहले लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान एक-दूसरे पर कटाक्ष किया था। जबकि प्रधानमंत्री ने पहले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर परोक्ष हमला किया था, उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य में "डबल आर (आरआर) टैक्स" के माध्यम से एकत्र किया गया धन दिल्ली भेजा जा रहा है। सीएम ने भी पीएम से आग्रह किया था कि मतदाताओं के फैसले का हवाला देते हुए अपने कार्यालय से इस्तीफा दें।

## आतिशी ने 5,000 शिक्षकों का तबादला रद्द करने का दिया आदेश



**नई दिल्ली.** दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव नरेश कुमार को निर्देश दिया है कि वह 5,000 शिक्षकों के तबादले का आदेश तत्काल वापस लें, जो उनकी मंजूरी के बिना जारी किया गया था। शिक्षा निदेशालय के शिक्षण कर्मचारियों के तबादले के लिए ऑनलाइन अनुरोध शीर्षक वाले परिपत्र में एक स्कूल में 10 वर्ष से अधिक समय तक सेवा दे चुके सभी शिक्षकों को अनिवार्य रूप से तबादले के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया गया था।

शिक्षा निदेशालय ने 11 जून को एक आदेश में कहा था कि एक ही विद्यालय में लगातार 10 वर्ष पूरे कर चुके सभी शिक्षकों को आपसी सहमति या सामान्य रूप से अधिकतम संख्या में विद्यालयों का चयन करने के आधार पर तबादले के लिए अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जो शिक्षक ऑनलाइन आवेदन नहीं करेंगे, मुख्यालय स्वयं ही उनका आधिकारिक आवश्यकता के अनुसार किसी भी स्कूल में तबादला कर देगा।

शिक्षा मंत्री ने एक जुलाई को आदेश दिया था कि किसी भी शिक्षक का तबादला केवल इसलिए नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने किसी विशेष स्कूल में 10 वर्ष से अधिक समय बिताया है। आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें पता चला है कि इस मामले में भ्रष्टाचार हुआ है।

## दिल्ली और हरियाणा विधानसभा चुनाव में 'आप' से गठजोड़ नहीं



**नई दिल्ली.** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि दिल्ली और हरियाणा में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन की कोई गुंजाइश दिखाई नहीं देती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को हरियाणा और दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए इंडिया ब्लॉक सहयोगी आम आदमी पार्टी (आप) के साथ गठबंधन से इनकार कर दिया है।

दरअसल, पंजाब में कोई इंडिया गठबंधन नहीं है। हालांकि, हरियाणा में हमने लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) को एक सीट दी थी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी का भी कहना है कि आगामी विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली और हरियाणा में गठबंधन की कोई गुंजाइश नहीं है। दरअसल, झारखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि दिल्ली में अगले साल की शुरुआत में होंगे। पिछले महीने दिल्ली के मंत्री और आप नेता गोपाल राय ने साफ किया था कि कांग्रेस के साथ पार्टी का गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। उन्होंने कहा था कि इंडिया ब्लॉक सिर्फ लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए था कई पार्टियों ने मिलकर चुनाव लड़ा था। फिलहाल दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कोई गठबंधन नहीं है।

## सीएम मान ने 'आप' उम्मीदवार मोहिंदर भगत के लिए किया प्रचार



• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को जालंधर पश्चिम में आप उम्मीदवार मोहिंदर भगत के लिए प्रचार किया और वार्ड नंबर 40, 45 एवं वार्ड नंबर 1 में जनसभाओं को संबोधित किया। सीएम ने लोगों से मोहिंदर भगत के लिए वोट करने की अपील की और वादा किया कि वह उन्हें मंत्री बनाएंगे ताकि वह जालंधर के लोगों की और भी बेहतर तरीके से सेवा कर सकें। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम मान ने कहा कि जालंधर के लोग कहते हैं कि वे मेरे और आम आदमी पार्टी के साथ हैं। हम लोगों के इस प्यार और आशीर्वाद का कर्ज कभी नहीं चुका सकते। उन्होंने कहा कि आप को हर वर्ग और समुदाय के लोगों का समर्थन प्राप्त है।

मान ने लोगों से आप उम्मीदवार मोहिंदर भगत को वोट देने की अपील की और कहा कि केवल आम आदमी पार्टी ही युवाओं और आम लोगों को राजनीतिक मंच देती है। उधर, मुख्यमंत्री ने जालंधर के व्यापारियों व कारोबारियों के साथ मीटिंग की। इस दौरान उनके मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा की। कई व्यापारियों की समस्याओं का तो उन्होंने मौके पर ही समाधान कर दिया और कुछ को जल्द पूरा करने का भरोसा दिया।

### शीतल अंगुराल ने डीजीपी को दी शिकायत- पाकिस्तान से मिल रहीं धमकियां

## पेन ड्राइव लेकर पहुंचे शीतल अंगुराल, विधायक पर लगाए आरोप



**जालंधर.** मुख्यमंत्री भगवंत मान की चुनौती को स्वीकार करते हुए जालंधर के जगजीवन राम चौक पर पहुंचे भाजपा प्रत्याशी शीतल अंगुराल ने पेन ड्राइव दिखाकर शहर के एक विधायक पर आरोप लगाए। अंगुराल ने सबसे पहले अपनी और सीएम भगवंत मान की कुर्सी मंच पर रखी और फिर लोगों को संबोधित करते हुए पेन ड्राइव में रिकॉर्ड ऑडियो के बारे में जानकारी दी।

शीतल ने कहा- सीएम मान, आप सिर्फ वोट की खातिर मुझ पर और मेरे समर्थकों पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। मेरे परिवार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। अपने बारे में नहीं बोल रहे कि जालंधर में जिन लोगों को बैठाया है वे लूटपाट कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बताएं कि आखिर क्या बात है कि उनकी बहन जी सिर्फ एक विधायक के घर आती हैं। वह दूसरे कार्यकर्ताओं के घर क्यों नहीं जाती क्योंकि वे गरीब हैं।

शीतल अंगुराल ने कहा- कल आपने कहा था कि अगर शीतल अंगुराल कोई सबूत लेकर आएगा तो उस पर कार्रवाई करेंगे। मैंने चैलेंज स्वीकार किया। मैंने मुख्यमंत्री जी को कहा था कि दोपहर 2 बजे सबूत कुर्सी पर रखकर इंतजार करूंगा पर आप नहीं आए। ऑडियो में एक एमएलए बोल रहा है कि वह कमाई आपके परिवार को दे रहा है। लोग जानना चाहते हैं कि इस ऑडियो पर क्या कार्रवाई करोगे। जालंधर की जनता पूछ रही है कि आप चोरों के साथ हो। मुख्यमंत्री तक ये पैन ड्राइव पहुंचाउंगा। मैं आने को तैयार हूं कि ये ऑडियो कहां आकर देनी है।

अंगुराल ने भाजपा के सीनियर नेताओं से मांग रखी कि इस ऑडियो की सीनियर अधिकारियों से इन्क्वायरी करवाई जाए। पहले भी कई ऑडियो आईं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पैन ड्राइव पर लीगल कार्रवाई करनी है। अगर इन पर कार्रवाई न की तो पंजाब को लूट कर ले जाएंगे।

अंगुराल ने बताया कि उन्हें डराने व मारने के लिए कई खेल रचे जा रहे हैं। पंजाब के डीजीपी को मेल कर रखी है कि उन्हें पाकिस्तान से धमकियां आ रही हैं। परिवार व बच्चों को मारने की धमकियां मिल रही हैं। दो दिन पहले भी कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि बच्चों को मार देंगे, अगर रिकॉर्डिंग बाहर निकाल दी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आम आदमी पार्टी पर लगाए जा रहे आरोपों को लेकर भाजपा प्रत्याशी शीतल अंगुराल पर पलटवार किया था। सीएम ने शीतल पर निशाना साधते हुए उन्हें नसीहत दी थी कि वह उनसे पंगा न ले। बहस की यह धमकी किसी और को दे दें, जब चाहें हमसे बहस कर लें। सीएम ने कहा था कि 5 तारीख का इंतजार क्यों कर रहे हैं, आज ही बहस कर लें।

सीएम मान ने कहा कि शीतल को भ्रष्ट गतिविधियों को बंद करने के लिए काफी समझाया गया, लेकिन वह नहीं माने। आप में रहते हुए उन्हें अवैध काम करने में दिक्कत होती थी। इसलिए वह भाजपा में चले गए। हालांकि हम उन्हें वहां भी भ्रष्टाचार नहीं करने देंगे।

## हेमंत सोरेन फिर बने झारखंड के सीएम, राजभवन में ली शपथ



**रांची.** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लगभग पांच महीने बाद जेल से रिहा होने के बाद हेमंत सोरेन ने गुरुवार को एक बार फिर झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रांची के राजभवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के कार्यकारी अध्यक्ष को पद की शपथ दिलाई। झामुमो ने पहले दिन में कहा था कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा राज्य में सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सोरेन 7 जुलाई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सोरेन के आवास पर गठबंधन सहयोगियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बाद में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने फैसला किया कि सोरेन गुरुवार को शपथ लेंगे। गौरतलब है कि चंपई सोरेन ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत पर बाहर चल रहे हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया था। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल राधाकृष्णन से मुलाकात की। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद मंत्री सत्यानंद भोक्ता और सीपीआई (एमएल)-एल विधायक विनोद सिंह शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल में गांडेय विधायक और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल थी।

# जीत का शहर है फतेहपुर सीकरी, जानें इमारत से जुड़े फैक्ट्स

*आगरा के पास स्थित फतेहपुर सीकरी 16वीं शताब्दी में स्थापित एक शाही किला शहर है। इस जगह का नाम फतेहपुर सीकरी अरबी मूल से है, जिसमें फतेह का अर्थ है 'जीत' और सीकरी का अर्थ है 'भगवान को धन्यवाद देना'*





**TRAVELLING**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

आप आगरा तो बहुत घूमे होंगे, लेकिन क्या आप फतेहपुर सीकरी के बारे में जानते हैं? फतेहपुर सीकरी 16वीं शताब्दी में बनाया गया एक शाही शहर है। ये 10 साल तक मुगल साम्राज्य की राजधानी रही है। यह प्राचीन शहर सम्राट अकबर के शासन में किए गए विशाल किलेबंदी के लिए जाना जाता है। मुगल और भारतीय स्टाइल में बने इस शहर में कई स्मारक और मंदिर हैं। इस खूबसूरत शहर के बारे में जानिए कुछ दिलचस्प फैक्ट्स–

- बुलंद दरवाजा फतेहपुर सीकरी की पहचान का हिस्सा है। ये चौवन मीटर ऊंचा है, जो इसे दुनिया का सबसे ऊंचा प्रवेश द्वार बनाता है। यहां दीवारों पर कुछ कुरान की आयतें भी खुदी हुई हैं। इमारत के अंदर भाग में कुछ खास पैटर्न और शिल्प कौशल भी शामिल हैं।
- फतेहपुर सीकरी पूरा शाही शहर एक पहाड़ी पर स्थित है और ये तीन तरफ से एक दीवार से घिरा हुआ है। वहीं चौथी तरफ पानी का भंडार है। फतेहपुर सीकरी परिसर की संरचना बनाने वाली कुछ इमारतों में बुलंद दरवाजा, पंच महल और जामा मस्जिद शामिल हैं।
- फतेहपुर सीकरी परिसर की मुख्य मस्जिद जामा मस्जिद है। इसे भी सम्राट अकबर ने संत सलीम चिश्ती की देखरेख में बनवाया था। मस्जिद के प्रवेश द्वार के बाहर स्थित संत सलीम चिश्ती की कब्र है।
- इसके एंट्री गेट के पास स्थित नौबत खाना नामक ड्रम हाउस है, जहां मेहमानों के आने पर उनकी घोषणा की जाती है। इस इमारत का नाम नौबत ड्रम के नाम पर रखा गया है जो मुगल संस्कृति से संबंधित था और खास समारोहों के दौरान बजाया जाता था।
- पंच महल मुगल वास्तुकला का एक उदाहरण है और लाल बलुआ पत्थर से बना है। पंच महल की पिरामिड की तरह बना है, जो 5 मंजिला है। फतेहपुर सीकरी परिसर के अंदर एक और संरचना है जो पूरी तरह से लाल बलुआ पत्थर से बना है, जिसके केंद्र में एक बड़ा प्रांगण है।

**SKIN CARE**

## बालों के लिए वरदान है नीम का तेल, हेयर प्रॉब्लम दूर करने के लिए ऐसे बनाकर लगाएं

**आयुर्वेद में भी बालों की सेहत बनाए रखने के लिए नीम का तेल यूज करने की सलाह दी जाती है। ऐसे में आइए जानते हैं बालो पर कैसे लगांए और बनाएं नीमका तेल।**



• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

मौसम बदलने का सबसे पहला असर बालों पर नजर आने लगता है। बदलते मौसम में अगर अच्छी हेयर केयर ना की जाए तो हेयर फॉल,डैंड्रफ और दोमुंहे बालों की समस्या परेशान करने लगती है। अगर आप भी मानसून शुरू होते ही अपने बालों को सेहतमंद बनाए रखना चाहते हैं तो नीम का तेल यूज करना शुरू कर दीजिए। नीम के तेल में फैटी एसिड,एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटीफंगल और एंटीसेप्टकि गुण मौजूद होते हैं। जो स्कैल्प संबंधी समस्या से छुटकारा देने के साथ एक्जमिा और सोरायससि में भी राहत देते हैं। आयुर्वेद में भी बालों की सेहत बनाए रखने के लिए नीम का तेल यूज करने की सलाह दी जाती है। ऐसे में आइए जानते हैं बालो पर कैसे लगांए और बनाएं नीमका तेल।

**बालों में नीम का तेल लगाने के फायदे-**

**डैंड्रफ से छुटकारा-**

नीम ऑयल में एंटीफंगल गुण मौजूद होते हैं, जो स्कैल्प पर फंगस जमा होने के कारण पैदा होने वाली रूसी को खत्म करने में मदद करते हैं।

**हेयर फॉल रोकने में मददगार-**

नीम ऑयल हेयर पोर्स को मजबूत बनाकर हेयर फॉल की समस्या को कम करता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व और एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की जड़ों को पोषण देकर उन्हें मजबूत बनाते हैं।

**अच्छी बनाएं हेयर ग्रोथ-**

नीम ऑयल बालों की जड़ों को पोषण देकर सिर का ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है। जिससे हेयर ग्रोथ में तेजी आती है। नियमित रूप से नीम का तेल लगाने से बाल घने और लंबे हो सकते हैं।

**स्कैल्प की खुजली करें दूर-**

बारिश के मौसम में अकसर लोगों को स्कैल्प में खुजली की समस्या होने



लगती है। जिससे बचने के लिए नीम के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। नीम के तेल में एंटीबैक्टीरयिल गुण मौजूद होते हैं। जो स्कैल्प में पपड़ी जमने से होने वाली खुजली को दूर करने में मदद करते हैं। नीम के तेल को हल्गरम करके उसमें कपूर मलिाकर स्कैल्प की मालशि करें। इससे स्कैल्प में खुजली और संक्रमण की समस्या दूर होगी।

**समय से पहले सफेद बाल होने से रोके-**

नीम के तेल में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण मौजूद होते हैं, जो बालों को समय से पहले सफेद होने से बचाते हैं।

**कैसे बनाएं नीम का तेल?**

नीम का तेल बनाने के लिए सबसे पहले नीम की पत्तियों को अच्छी तरह धोकर पीस लें। इसके बाद इस पेस्ट को नारयिल तेल के साथ उबालकर तेल तैयार करें।

**बालों पर नीम का तेल लगाने का तरीका-**

नीम के तेल को हल्का गर्म करके उंगलियों की मदद से हल्के हाथों से सिर की त्वचा पर लगाते हुए कम से कम 30 मिनट मालिश करें। उसके बाद नीम तेल को एक घंटे तक सिर पर ही लगा रहने दें। एक घंटे बाद बालों को शैंपू कर लें।

*__डिस्क्लेमर :__ इस आर्टिकल में बताई विधि, तरीकों व दावों को केवल सुझाव के रूप में लें। इस तरह के किसी भी उपचार/दवा/डाइट और सुझाव पर अमल करने से पहले डॉक्टर या एक्सपर्ट से सलाह लें।*

## इस मलाईदार पोहे की खीर के आगे रबड़ी भी है फेल, 10 मिनट में तैयार

**आपने तरह– तरह का पोहा जरूर खाया होगा लेकिन आज हम आपके लिए पोहे की बड़ी आसान और झटपट बनने वाली एक स्पेशल डिश की रेसिपी लेकर आए हैं। ये स्पेशल डिश है पोहे की खीर। यह बनाने में काफी आसान है लेकिन स्वाद में बिल्कुल मलाईदार रबड़ी की तरह है।**



• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

खाने में हल्का–फुल्का और टेस्टी पोहा भला किसे पसंद नहीं। बनाने में भी आसान होता है और झटपट बनकर तैयार भी हो जाता है। स्वाद के साथ–साथ सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। आपने अलग–अलग तरह का पोहा खाया होगा लेकिन आज हम आपको एकदम अलग सी रेसिपी बताने वाले हैं। क्या आप जानते हैं कि पोहे की मदद से आप बड़ी जायेकदार और रबड़ीदार खीर भी बना सकते हैं? यह नॉर्मल खीर से बहुत ज्यादा स्वादिष्ट होती है और इसे बनाना भी बहुत आसान होता है। यह इतनी गाढ़ी और मलाईदार होती है कि लगता है मानों आप रबड़ी ही खा रहे हैं। तो चलिए इसे बनाने की आसान सी रेसिपी जानते हैं।

**बनाने के चाहिए होगा बस थोड़ा सा सामान**

इस जायकेदार पोहे की खीर को बनाने के लिए आपको ज्यादा सामान की जरूरत नहीं है। लगभग हर सामान आपकी किचन में ही मिल जाएगा। आपको इसके लिए आधा कप पोहा, देसी घी, चार कप दूध, काजू, किश्मिश, चीनी और इलायची पाउडर की जरूरत है। आप इसे सजाने के लिए गुलाब के फूल की पंखुड़ियों का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**रेसिपी है बहुत आसान**

पोहे की खीर को बनाना बेहद ही आसान है। जब आपका मन चाहे आप तुरंत इसे बनाकर स्वाद ले सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले कढ़ाई पर एक पैन चढ़ाएं। पैन में दो बड़े चम्मच घी डालें और कटे हुए काजू, किशमिश और पिस्ता को अच्छे से भून लें। हल्का सा सुनहरा रंग होने पर इन्हें बाहर निकाल लें। अब इसी पैन में अपना पोहा डाल लें। इससे खीर में घी की बड़ी सौंधी–सौंधी खुशबू आ जाएगी। अब उसमें दूध डालकर पकाने के लिए रखे दें।

लगभग पांच से दस मिनट तक मीडियम आंच पर पकाएं। उसे बीच–बीच में चलाते भी रहें। थोड़ी देर में आप देखेंगे कि पोहा फूल जाएगा और दूध गाढ़ा होने लगेगा। बस इसी दौरान इलायची पाउडर और अपने ड्राई फ्रूट्स खीर में डाल लें। तो लीजिए तैयार है आपकी जायकेदार और रबड़ी जैसी पोहा खीर। अब गुलाब की पंखुड़ियों से इसकी गार्निशिंग करें और ठंडा–ठंडा सर्व करें।

•••

## अकेलापन बना सकता है बीमार, ये लक्षण दिखें तो फौरन हो जाएं सतर्क




**आसपास किसी इंसान में दिख रहे हैं इस तरह के लक्षण तो फौरन सतर्क हो जाने की जरूरत है क्योंकि लंबे समय तक अकेलापन इंसान को डिप्रेशन का शिकार बना सकता है। जानें अकेलेपन के लक्षण।**

**जालंधर ब्रीज (फीचर) .** अकेलेपन की समस्या काफी खतरनाक हो सकती है। इसकी वजह से इंसान डिप्रेशन में भी चला जाता है। अगर किसी को भीड़ भाड़ वाली जगह पर भी किसी का साथ पसंद नही आ रहा तो इसका मतलब है कि वो अकेलेपन की समस्या से जूझ रहा है। अब केवल बुजुर्ग ही नहीं बल्कि युवावर्ग भी अकेलेपन के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि समय रहते ध्यान दिया जाए और इन लक्षणों पर नजर रखी जाए। नहीं तो लगातार अकेलापन इंसान को डिप्रेशन और अवसाद में डाल देता है।

**अकेलेपन की समस्या होने पर दिखते हैं ये लक्षण**

**हमेशा दुखी रहना •** बिना किसी कारण के भी अगर कोई इंसान खुद को दुखी महसूस करे। तो ये उसके अकेलेपन का कारण हो सकता है।

**अकेले रहने की कोशिश करना •** पूरे परिवार, फैमिली, दोस्तों के होते हुए भी खुद को सोशल एक्टीविटी से काटना और अकेले रहने की कोशिश करना ही अकेलापन है। जो कि फ्यूचर के लिए खतरनाक हो सकता है।

**हमेशा काम में बिजी रखना •** खुद को काम में इतना बिजी रखना कि परिवार, दोस्त, समाज के किसी भी काम के लिए वक्त ना देना। ये इशारा करता है कि इंसान खुद को अकेला महसूस कर रहा है। ऐसे लोग दिखाते हैं कि उनके पास काम की वजह से टाइम नही है।

**नींद ना आना •** अकेलेपन के शिकार लोगों को नींद खराब होना, नींद ना आना, नींद में रुकावट होना जैसी दिक्कतें होने लगती है। ऐसे लोग इनसोमनिया के शिकार हो जाते हैं।

**आत्मविश्वास की कमी •** ऐसे लोगों में आत्मविश्वास की कमी पैदा होने लगती है। उनका इंटररेस्ट उन चीजों में भी खत्म हो जाता है। जो वो अक्सर किया करते थे। ऐसे लोग हर वक्त एक जगह रहना पसंद करने लगते हैं।

**फिजिकल लक्षण •** अकेलेपन की समस्या जिन लोगों में होती है वो भूख ना लगने, पेट दर्द, सिर दर्द, बेचैनी जैसी समस्या से ग्रस्त हो सकते हैं।

*__डिस्क्लेमर :__ इस आर्टिकल में बताई विधि, तरीकों व दावों को केवल सुझाव के रूप में लें। इस तरह के किसी भी उपचार/दवा/डाइट और सुझाव पर अमल करने से पहले डॉक्टर या एक्सपर्ट से सलाह लें।*

## क्या सचमुच शुगर कंट्रोल करने में मदद करते हैं सदाबहार के फूल?

**HEALTH**

शुगर को कंट्रोल में रखने के लिए लोग तरह–तरह के घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करते हैं। इन्हीं में से एक हैं सदाबहार के फूल। कई लोग दावा करते हैं कि इनसे वाकई में शुगर लेवल मैनेज होता है। आइए आज हम जानते हैं कि इसमें कितनी सच्चाई है।



• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

दुनिया भर में शुगर की बीमारी के सबसे अधिक मामले देखने को मिलते हैं। हर साल दुनिया में शुगर की वजह से लगभग 10 लाख लोगों की मौत होती है। यह एक ऐसी बीमारी है जो बच्चे– बूढ़े में कोई फर्क नहीं करती है। आजकल तो छोटे–छोटे बच्चों को भी इस बीमारी ने अपना शिकार बनाना शुरू कर दिया है। वैसे मेडिकल में तो शुगर के कई इलाज मौजूद है, लेकिन लोग इसे कंट्रोल में रखने के लिए कई घरेलू नुस्खों का भी इस्तेमाल करते हैं। इन्हीं में से एक है सदाबहार का फूल। तो चलिए आज जानते हैं कि ये सचमुच में काम करता भी है या नहीं।

**क्या सचमुच करते हैं ये शुगर का इलाज**

सदाबहार का फूल कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसके फूलों और पत्तियों दोनों को ही शुगर कंट्रोल करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। दरअसल सदाबहार के फूल को खाने से शरीर के पेनक्रियाज में मौजूद बीटा सेल्स एक्टिव होते हैं जो शरीर में इंसुलिन की मात्रा को कंट्रोल करते हैं। अगर आप नियमित रूप से इनका सेवन करते हैं तो ये आपके ब्लड शुगर को काफी हद तक कंट्रोल में रख सकते हैं। शुगर के साथ ही यह बाकी कई बीमारियों में भी काफी फायदेमंद होते हैं। रोजाना ठीक मैथड का पालन करते हुए अगर सदाबहार के फूलों का सेवन करते हैं तो हाई ब्लड प्रेशर, पेट से जुड़ी या सांस से जुड़ी कई बीमारियों से राहत मिल सकती है।

**कैसे करें इस्तेमाल जो दिखे फायदा**

सदाबहार के फूल से शुगर की बीमारी को कई तरह से कंट्रोल किया जा सकता है। सीधे तौर पर सदाबहार फूल को रोजाना चबाकर खाने से काफी हद तक शरीर का शुगर लेवल मेंटेन रहता है। इसके अलावा नियमित रूप से सुबह खाली पेट सदाबहार के फूल का रस पीने से भी शरीर में शुगर लेवल नियंत्रित रहता है। इसके लिए कई अन्य फलों और सब्जियों जैसे– टमाटर, खीरा और करेला को सदाबहार के फूल के साथ मिलाकर इसका रस निकाल लें। रोजाना सुबह खाली पेट इस रस को पीएं। यह शुगर की बीमारी के लिए रामबाण इलाज है।

*__नोट :__ इस खबर में बताए गए सुझाव सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। इसलिए किसी भी उपचार/दवा/डाइट को अमल करने से पहले डाक्टर या संबंधित एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।*

# 2022 बैच के आईएएस अधिकारियों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

• **जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली



वर्तमान में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के पद पर तैनात 2022 बैच के आईएएस अधिकारियों के एक समूह ने आज (1 जुलाई, 2024) राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने आईएएस अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि हमारे देश में भारतीय प्रशासनिक सेवा एक बेहतरीन करियर माना जाता है। उन्होंने कहा कि लाखों महत्वाकांक्षी युवा आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। उनमें से कई इस सेवा में चयन के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे सभी युवाओं में से आप ही हैं जिन्हें इस सेवा के माध्यम से नागरिकों के कल्याण के लिए काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने मिलने पहुंचे आईएएस अधिकारियों को सलाह दी कि वे जहां भी काम करें, अपनी संवेदनशीलता, ईमानदारी और दक्षता से अपनी छाप छोड़ें।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस उच्च प्रौद्योगिकी युग में जब लोगों को देश-दुनिया की जानकारी वास्तविक समय में मिल रही है, तब अधिकारियों की चुनौतियां और बढ़ गई हैं। जब तक वे किसी योजना के सामाजिक या आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करते हैं, तब तक लोगों की ज़रूरतें, जागरूकता और आकांक्षाएं और बढ़ चुकी होती हैं। इसलिए उन्हें ऐसी व्यवस्थाएं बनानी चाहिए जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने में सक्षम बनाएं।

राष्ट्रपति ने कहा कि समावेशी और सतत विकास तथा हर वर्ग के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण हेतु बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रशासन की कार्य संस्कृति जनभागीदारी पर आधारित होनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि आज के संदर्भ में अधिकारियों को न केवल प्रशासक बल्कि सुविधा प्रदाता और प्रबंधक की भूमिका भी निभानी होगी। उनकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे सबको साथ लेकर कैसे जवाबदेह, पारदर्शी और प्रभावी प्रशासन प्रदान कर पाते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रशासक के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात लोगों का विश्वास जीतना और उसे बनाए रखना है। उन्होंने अधिकारियों को लोगों के लिए अपनी सुलभता, पारदर्शिता और विश्वास निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की सलाह दी। हालांकि, उन्होंने अधिकारियों को आत्म-प्रचार के लिए प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से सोशल मीडिया का उपयोग करने से बचने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें नैतिकता के मामले में कोई समझौता नही करना चाहिए और ऐसी स्थिति से निपटने के लिए शुरू से ही सतर्क और सक्रिय रहना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने के साथ-साथ अधिकारी अपने व्यक्तिगत आचरण में ईमानदारी, धार्मिकता और स्थिरता को भी बढ़ावा देंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अधिकारी नई सोच और नए समाधानों के साथ देश के विकास को आगे बढ़ाएंगे।

# गर्लफ्रेंड का सामान हुआ गुम, करोड़पति ने एयरलाइन्स की रैंकिंग के लिए नई वेबसाइट ही बना दी

*एयरपोर्ट पर अपना सामान ढूंढने में यात्रियों को अक्सर दिक्कत होती है। एक शख्स ने अपनी गर्लफ्रेंड का सामान गुम हो जाने पर वेबसाइट बना डाली। इसमें एयरलाइन्स को गुम हुए सामनों के हिसाब से रैंकिंग मिलेगी।*

• **जालंधर ब्रीज .** वर्ल्ड न्यूज

हम में से कई लोगों को टूटे हुए सामान या गुम हुए बैग को लेकर एयरलाइन्स से निपटने में दिक्कत होती है। लेकिन एक करोड़पति ने इस बात को दिल पर ले लिया। अपनी गर्लफ्रेंड का सूटकेस गुम होने के बाद उसने इस समस्या से निपटने की तरकीब लगाई। साथ ही वह एयरलाइन्स को सबक भी सिखाना चाहता था। इसके लिए उसने एक नई वेबसाइट बना डाली। इस वेबसाइट में सामान खोने के हिसाब से एयरलाइन्स को रेटिंग दी जा सकेगी। मूल रूप से नीदरलैंड के पीटर लेवल्स एक डेवलपर हैं। वह 40 से ज्यादा स्टार्टअप की शुरुआत कर चुके हैं। कुछ सालों पहले वह 12 महीने में 12 स्टार्टअप की शुरुआत कर सुर्खियों में आ गए थे।

उन्होंने सोशल मीडिया पर इस वेबसाइट की जानकारी शेयर की। वेबसाइट की रैंकिंग प्रणाली उड़ानों की संख्या और इस तरह के दूसरे फैक्टर्स को ध्यान में रखते हुए एयरलाइन्स के अलग-अलग श्रेणी के हिसाब से रैंकिग करती है। उन्होंने बताया, "यह एयरलाइन्स की उनकी मौजूदा सामान खोने की दरों के आधार पर रीयल टाइम की रैंकिंग है।" लेवल्स को वेबसाइट लॉन्च करने की प्रेरणा तब मिली जब



एक सप्ताह पहले स्पेन की एयरलाइन कंपनी वुएलिंग एयरलाइंस ने लिस्बन से बार्सिलोना की उड़ान के दौरान उनकी गर्लफ्रेंड का सूटकेस गुम कर दिया था। सूटकेस फिलहाल ऑस्टिन एयरपोर्ट पर है और वे भी अमेरिका के ऑस्टिन में हैं। पिछले चार दिनों से यह आश्वासन दिए जाने के बावजूद कि सूटकेस उनके होटल में पहुंचा दिया जाएगा, यह अभी तक नहीं पहुंचा है। बार्सिलोना में लेवल्स और उनकी गर्लफ्रेंड को भी ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा। उनका सूटकेस एयरपोर्ट पर था। जब वे बार्सिलोना में थे, तो एयरलाइन ने उनसे होटल में सूटकेस पहुंचाने के लिए संपर्क करने का वादा किया लेकिन उन्हें किसी ने संपर्क नहीं किया। लेवल्स ने घटना पर निराशा व्यक्त की और कहा है कि वे अब कतर एयरवेज के स्वामित्व वाली वुएलिंग में कभी सफर नहीं करेंगे।

## एयर इंडिया सूची में सबसे ऊपर

भारतीय एयरलाइन्स ने रैंकिंग में सबसे खराब प्रदर्शन किया है। एयर इंडिया सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद एयर लिंगस, वेस्टजेट एयरलाइंस, ब्रिटिश एयरवेज, आइबेरिया और स्पाइसजेट हैं। रैंकिंग से पता चलता है कि एयर इंडिया सबसे ज्यादा सामान गुम कर देता है, जबकि जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज में सामान खोने की दर सबसे कम है। लैटम ब्राजील और अलास्का एयरलाइंस सबसे कम बैग खोने के मामले में दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वेबसाइट मुख्य रूप से सोशल मीडिया से डेटा एकत्र करती है क्योंकि एयरलाइंस शायद ही कभी अपने खोए हुए सामान के आँकड़े जारी करती हैं। इसलिए रैंकिंग पूरी तरह सटीक हो ऐसा जरूरी नहीं है।

लेवल्स की इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, एक एक्स यूजर ने कहा, "इस तरह की प्रेम की भाषा को अपना नाम मिलना चाहिए।" एक अन्य यूजर ने लिखा, "एयर फ्रांस ने एक यात्रा में दो बार मेरा बैग गुम कर दिया- पेरिस->टोक्यो और टोक्यो->पेरिस।" एक अन्य यूजर ने नई मांग भी कर दी। उसने लिखा, "क्या आप एयरलाइन के अनुभवों के लिए भी ऐसा कर सकते हैं? एयरलाइन रिव्यू की तरह।"

# खुद के विमान और शिप, भारतीय कारोबारी ने गूगल समेत कई कंपनियों को लगाया चूना; हो गई जेल


*आउटकम हेल्थ के सीईओ ऋषि शाह ने खुद स्वीकार किया है कि उन्होंने डेटा में फर्जीवाड़ा किया था और निवेशकों से झूठ बोला था। ऋषि शाह को साढ़े सात साल कैद की सजा सुनाई गई है।*

• **जालंधर ब्रीज .** वर्ल्ड न्यूज

'आउटकम हेल्थ' के कोफाउंडर भारतीय-अमेरिकी कारोबारी ऋषि शाह को यूएस की एक कोर्ट ने साढ़े सात साल कैद की सजा सुनाई है। आरोप है कि बड़ा मुनाफा कमाने के लिए ऋषि शाह की कंपनी ने गोल्डमैन साच्स, गूगल की पैरेंटल कंपनी अल्फाबेट और इलीनॉइस गवर्नर जेबी पैट्रिकर की कंपनी को भी धोखा दिया। कॉर्पोरेट फ्रॉड के आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद अमेरिका में डिस्ट्रिक्ट जज थॉमस डर्किन की अदालत ने उन्हें दोषी पाया।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक शाह यूनिवर्सिटी में पढ़ने के दौरान ही आउटकम हेल्थ पर काम करने लगे थे। वहीं 2006 में इस कंपनी को बनाया गया। इस कंपनी का काम डॉक्टरों के दफ्तर में टीवी इन्स्टॉल करना था जिसपर मेडिकल फील्ड से संबंधित विज्ञापन दिखाए जाते थे। इस काम में शाह की पार्टनर श्रद्धा अग्रवाल थीं। कंपनी ने कुछ ही सालों में बड़ा मुनाफा कमाया। हालांकि सवाल ये खड़े हुए की विज्ञापन देने वाले लोगों और मरीजों के बीच संपर्क कैसे हो। वहीं पता चला कि इस मामले में आउटकम हेल्थ ने कई बड़ी कंपनियों से झूठ बोला। उन्हें डॉक्टरों के दफ्तर में जिस स्तर पर टीवी लगाने की बात बताई गई थी, वह सच नहीं थी। कई जगह स्क्रीनसाइज काफी छोटी थी।

चार साल में ही आउटकम हेल्थ हेल्थकेयर और टेक निवेश के मामले में बड़ी कंपनी बन गई। कंपनी ने आधुनिक तकनीक के जरिए मेडिकल प्रोडक्ट के डिस्ट्रिब्यूशन का वादा किया। इसके बाद कई बड़ी कंपनियों ने भी निवेश किया। कोर्ट में बताया गया कि शाह ने श्रद्धा अग्रवाल और अन्य लोगों के साथ मिलकर निवेशकों, ग्राहकों और कर्जदाताओं को धोखा दिया। कंपनी ने विज्ञापन की सामग्री की बिक्री ज्यादा दिखाई। कंपनी इतनी सामग्री डिलीवर भी नहीं कर पा रही थी। इसके बाद डेटा में छेड़छाड़ किया गया और निवेशकों से झूठ बोला गया।



## ऋषि शाह ने खरीदे थे कई जेट और शिप

डेटा में छेड़छाड़ का पता चलने के बाद आउटकम हेल्थ कंपनी की पोल खुलने लगी। वहीं शाह को बड़ा मुनाफा भी कई लोगों को खटकने लगा था। शाह ने अपने प्राइवेट जेट और शिप खरीद लिए थे। उन्होंने 1 करोड़ डॉलर का बंग्ला खरीदा। 2016 में ऋषि शाह की कुल संपत्ति 4 अरब डॉलर की हो गई। 2017 में वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में ऋषि शाह के बारे में खुलासा किया गया।

रिपोर्ट के बाद निवेशकों में शामिल गोल्डमैन साच्स, अल्फाबेट और अन्य कंपनियों ने आउटकम हेल्थ के खिलाफ केस कर दिया। इसके बाद कंपनी ने लगभग 225 मिलियन डॉलर का लाभांश वापस किया। हालांकि निवेशकों के बिगड़ने की वजह से कंपनी ढह गई। शाह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के भी कई मामले दर्ज थे। शाह की कंपनी ने फर्जी डेटा और झूठ बोलने की बात स्वीकार की है।

# ऑस्ट्रेलिया जा रहे भारतीय छात्रों को लगेगा झटका, स्टूडेंट वीजा फीस में भारी इजाफा



• **जालंधर ब्रीज .** वर्ल्ड न्यूज

ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई का मन बना रहे भारतीय छात्रों को झटका लग सकता है। दरअसल, हाल ही में प्रधानमंत्री एंथनी एल्बानीज सरकार ने स्टूडेंट वीजा फीस को दोगुने से ज्यादा करने का फैसला किया है। खास बात है कि ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के समूह के मामले में भारतीय दूसरे स्थान पर हैं। कहा जा रहा है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने माइग्रेशन पर लगाम लगाने के लिए यह कदम उठाया है।

नई व्यवस्था के तहत छात्रों को अब 1600 ऑस्ट्रेलियन डॉलर देने होंगे। यह आंकड़ा पहला 710 ऑस्ट्रेलियन डॉलर था। इतना ही नहीं टेम्परेरी ग्रेजुएट विजिटल और मेरीटाइमस क्रू वीजा धारक अब ऑस्ट्रेलिया में रहने के दौरान स्टूडेंट वीजा के लिए भी आवेदन नहीं दे सकेंगे। इसका भी असर ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय छात्रों पर पड़ने की संभावनाएं हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गृहमंत्रालय और साइबर सिक्योरिटी मामलों के मंत्री क्लेयर ओ नील ने कहा, 'आज से लागू हो रहे बदलाव हमारी अंतरराष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था की अखंडता को बहाल करने में मदद करेंगे और ऐसा माइग्रेशन सिस्टम तैयार करेंगे, जो निष्पक्ष होगा, छोटा होगा और ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छे परिणाम देने वाला होगा।'

खबर है कि ऑस्ट्रेलिया सरकार ने यह फैसला इसलिए भी लिया है कि सिर्फ वास्तविक छात्रों को ही वीजा मिल सके और देश की अर्थव्यवस्था में मदद हो सके। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि ऑस्ट्रेलिया के शिक्षण संस्थानों में 2022 में 1 लाख से ज्यादा छात्रों ने दाखिला लिया था। इसके अलावा 1.22 लाख छात्र जनवरी से सितंबर 2023 के दौरान ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई कर रहे थे।

## 'हर काम देश के नाम'

# लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने आरट्रैक शिमला के नए जीओसी-इन-सी का पदभार संभाला

**जालंधर ब्रीज (चंडीगढ़) .** जनरल देवेंद्र शर्मा मेयो कॉलेज, अजमेर, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र हैं। जनरल ऑफिसर प्रतिष्ठित 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' के प्राप्तकर्ता हैं और उन्हें 19 दिसंबर 1987 को 'द सिंध हॉर्स' में कमीशन मिला था। लगभग चार दशकों के शानदार करियर में जनरल ने विभिन्न संवेदनशील ऑपरेशनल क्षेत्रों, आतंकवाद विरोधी माहौल और उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में महत्वपूर्ण कमान नियुक्तियों को संभाला है। उन्होंने 'द सिंध हॉर्स' को कमांड किया, स्ट्राइक कोर के हिस्से के रूप में एक आर्मड ब्रिगेड, और पश्चिमी मोर्चे पर एक इन्फैंट्री डिवीजन और एक कोर को भी कमांड किया। जीओसी-इन-सी आरट्रैक का पदभार संभालने से पहले जनरल पश्चिमी कमान के मुख्यालय के चीफ ऑफ स्टाफ थे।



उनके स्टाफ अनुभवों में ऑपरेशन्स और प्रशासनिक दोनों क्षेत्रों में चुनौतीपूर्ण कार्य शामिल हैं। अपनी सेवा के दौरान, जनरल एनडीए में प्रशिक्षक रहे हैं, और इम्ट्राट, भूटान में ऑपरेशन्स के स्टाफ ऑफिसर के रूप में एवं कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन के मुख्य सैन्य कार्मिक अधिकारी के रूप में तैनात रहें हैं। जनरल ने रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, उच्च रक्षा प्रबंधन कोर्स और लोक प्रशासन में उन्नत व्यावसायिक कार्यक्रम जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित कोर्सेज किये हैं। राष्ट्र के प्रति उनके अनुकरणीय नेतृत्व और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए, जनरल को 2022 में अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया । उन्होंने काउंटर इंसर्जेंसी ऑपरेशंस में ऑपरेशन रक्षक में *इन्फैंट्री बटालियन* के साथ काम किया, जहां उन्हें वीरता के लिए सेना मेडल अवार्ड से सम्मानित किया गया और उनको सेंट्रल आर्मी कमांडर के प्रशस्ति पत्र एवं संयुक्त राष्ट्र फोर्स कमांडर के प्रशंसा पत्र से भी सम्मानित किया गया है। कमान संभालने पर, जनरल ऑफिसर ने सेना प्रशिक्षण कमान के सभी रैंकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिकों और सिविल डिफेन्स स्टाफ के साथ-साथ उनके परिवारों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

# अग्निवीरवायु की भर्ती प्रक्रिया 08 जुलाई, 2024 से शुरू होगी

**जालंधर ब्रीज (चंडीगढ़) .** एयरमैन चयन केंद्र, अंबाला (एयर फोर्स) अपने अधिकार क्षेत्र {पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ (यूटी), जम्मू और कश्मीर (यूटी) और लद्दाख (यूटी) से अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरवायु प्रवेश 2/2025 के रूप में पात्र युवाओं (अविवाहित पुरुष और महिला दोनों) के नामांकन के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित करेगा। अग्निवीरवायु के लिए भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की पंजीकरण प्रक्रिया 08 जुलाई, 2024 को प्रात: 11 बजे से शुरू होकर 28 जुलाई, 2024 को रात 11 बजे तक चलेगी। उम्मीदवार अविवाहित होने चाहिए और उनका जन्म 3 जुलाई, 2004 और 3 जुलाई, 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच हुआ होना चाहिए। अभ्यर्थी को 550/- रुपये + जीएसटी का पंजीकरण शुल्क देना होगा। प्रवेश स्तर की योग्यता, चिकित्सा मानक, नियम और शर्तें, ऑनलाइन आवेदन भरने के निर्देश और अग्निवीरवायु प्रवेश 2/2025 के लिए पंजीकरण के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए वेब पोर्टल https://agnipathvayu.cdac.in पर लॉग ऑन करें।

# चेतक कोर ने मनाया 46वां स्थापना दिवस

**जालंधर ब्रीज (चंडीगढ़) .** चेतक कोर ने आज सैन्य स्टेशन में अपना 46वां स्थापना दिवस मनाया। चेतक कोर की स्थापना 1 जुलाई, 1979 को लेफ्टिनेंट जनरल एमएल तुली की कमान में की गई थी। अपनी स्थापना के पश्चात् चेतक कोर परिवर्तनों की श्रृंखला से होकर सामरिक और प्रशासनिक रूप में प्रभावी कोर के रूप में अपनी वर्तमान स्थिति तक पंहुचा है।





इस अवसर पर मेजर जनरल मनदीप सिंह गिल, चीफ ऑफ़ स्टाफ, चेतक कोर ने, अन्य अधिकारीयों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों और सैनिको के साथ, वीरगति को प्राप्त हुए शहीदों, जिन्होंने हमारे राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए विभिन्न लड़ाइयों में अपने प्राणों की आहुति दी, को योद्धा यादगार स्मारक में, पुष्पचक्र अर्पित किये। युध्द के बदलते समीकरण में नवीनतम वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए चेतक कोर हमेशा से अग्रसर रहा है। इस अवसर पर मेजर जनरल मनदीप सिंह गिल, चीफ ऑफ़ स्टाफ ने कोर के सभी सैनिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण और सेना के सर्वोच्च परम्पराओं को बनाये रखने के लिए भी प्रेरित किया । उन्होंने सभी सैनिकों से निस्वार्थ संकल्प और साहस की अनुभूति के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहने को कहा, साथ ही बहुमूल्य योगदान के लिए भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों का भी धन्यवाद् किया। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों के बलिदान तथा उनके बहुमूल्य सेवाओं के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि कोर सदैव उनकी सहायता के लिए हर संभव प्रयास करता रहेगा।

# लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने खरगा कोर के नए जीओसी इन सी का पदभार संभाला

**जालंधर ब्रीज (चंडीगढ़) .** लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने आज प्रतिष्ठित खरगा कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में पदभार संभाला। वे एक बख्तरबंद कोर अधिकारी हैं, जिन्हें ऑपरेशनल और नॉन ऑपरेशनल दोनों क्षेत्रों में कमांड, स्टाफ और इंस्ट्रक्शनल नियुक्तियों में व्यापक अनुभव है। खरगा कोर से पहले, जनरल ऑफिसर ने एक ऑपरेशनल एरिया में एक बख्तरबंद रेजिमेंट, एक रणनीतिक स्वतंत्र बख्तरबंद ब्रिगेड और देश के पश्चिमी क्षेत्र में एक इन्फैंट्री डिवीजन की कमान भी संभाली है। अपने 35 वर्षों से अधिक के सैन्य करियर में, उन्हें भारतीय सैन्य प्रशिक्षण दल, भूटान और रक्षा और सैन्य क्षेत्रों में सक्रिय रहे , भारतीय दूतावास, मास्को में आर्मेनिया और बेलारूस से मान्यता के साथ सेवा करने का भी गौरव प्राप्त है। जनरल ऑफिसर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट, सिकंदराबाद और नेशनल डिफेंस कॉलेज ऑफ इंडिया, नई दिल्ली से स्नातक हैं।





खरगा कोर की कमान संभालने से पहले जनरल ऑफिसर रक्षा मंत्रालय (सेना) के एकीकृत मुख्यालय में महानिदेशक प्रादेशिक सेना की नियुक्ति पर कार्यरत थे। खरगा कोर की कमान संभालने के बाद उन्होंने खरगा कोर युद्ध स्मारक "विजय स्मारक" का दौरा किया और कोर के उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने कर्तव्य की राह पर सर्वोच्च बलिदान दिया और सभी रैंकों को जोश और उत्साह के साथ निस्वार्थ सेवा जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने दक्षिण पश्चिमी कमान जयपुर की कमान छोड़ी

**जालंधर ब्रीज (चंडीगढ़) .** लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ 30 जून 2024 को जयपुर स्थित सप्त शक्ति कमांड की कमान का कार्यकाल पूरा करने के बाद पुणे स्थित दक्षिणी कमान का कार्यभार संभालेंगे। इस अवसर पर जनरल ऑफिसर ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन के प्रेरणा स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।





लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने 01 नवंबर 2023 को सप्त शक्ति कमांड की बागडोर संभाली थी। उनके कार्यकाल के दौरान, सप्त शक्ति कमांड ने नवीनतम प्रौद्योगिकियों को अपनाया, ऑपरेशनल तैयारी को बढ़ाने के लिए नवीन तकनीक तथा उच्च स्तर का सामंजस्य हासिल किया,रणनीति और नवीन प्रक्रियाओं को विकसित किया और एक आधुनिक, घातक और मिशन के लिए तैयार सैन्य बल विकसित किया।

कमान का कार्यकाल समाप्त होने पर, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने सप्त शक्ति कमांड के सभी रैंकों, वीर नारी, वेटेरन्स, डिफेन्स सिविलियन और उनके परिवारों को अपना आभार और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी, रैंकों से सप्त शक्ति कमांड के मोटो 'सर्वदा विजयी' को जीने और समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

# डिप्टी कमिश्नरों को मानसून सीजन के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश

## मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने कहा- 252 करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे हैं बाढ़ रोकथाम के कार्य

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर मुख्य सचिव श्री अनुराग वर्मा ने राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नरों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की और उन्हें मानसून के मौसम के दौरान तैयार रहने का निर्देश दिया ताकि लोगों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

प्रमुख सचिव जल संसाधन ने बताया कि वर्तमान में भाखड़ा बांध का स्तर 1590 फीट है, जो पिछले वर्ष के स्तर से 8 फीट कम है। इसी तरह पौंग बांध पिछले साल की तुलना से 30 फीट और रणजीत सागर बांध का स्तर 34 फीट कम है। वर्मा ने कहा कि इस वर्ष 252 करोड़ रुपए की लागत से बाढ़ निरोधक कार्य किए जा रहे हैं, जो पिछले दो वर्षों में किए गए औसत कार्यों से लगभग डेढ़ गुना है।

वर्मा ने डिप्टी कमिश्नरों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों का फिर से दौरा करें और यह सुनिश्चित करें कि बाढ़ रोकथाम कार्य संतोषजनक ढंग से पूरा हो। उन्होंने डिप्टी कमिश्नरों को पूरे मानसून सीजन में गांवों के संवेदनशील स्थानों के निवासियों के साथ लगातार संपर्क में रहने का भी निर्देश दिया। वर्मा ने डिप्टी कमिश्नरों को शहरों में सीवेज सिस्टम की साफ-सफाई की दोबारा जांच करने का निर्देश दिए। उन्हें पानी निकालने वाले पम्पों के साथ जेनसेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए। डिप्टी कमिश्नरों को वाटर पंपिंग स्टेशनों पर जेनरेटर की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने पी.एस.पी.सी.एल. के अधिकारियों के साथ बिजली व्यवस्था की समीक्षा करने का भी निर्देश दिए ताकि बरसात के दिनों में बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान न हो।

जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव कृष्ण कुमार ने कहा कि विभिन्न जिलों में लगभग 8.5 लाख खाली बैग (ई.सी बैग) खरीदे गए हैं और संवेदनशील क्षेत्रों के पास उपलब्ध कराए गए हैं। डिप्टी कमिश्नरों ने बताया कि वे आपातकालीन स्थिति में निकासी योजनाओं को लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सभी जिलों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। आपातकालीन स्थिति में लोगों और पशुओं के लिए सुरक्षित स्थानों (आश्रयों) की पहचान की गई है।

वर्मा ने कहा कि बाढ़ के कारण लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए राज्य सरकार दिन-रात काम करेगी।

### जल शक्ति अभियान को क्रियान्वित करने वाले विभिन्न विभागों के साथ बैठक

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

जल शक्ति अभियान को क्रियान्वित करने वाले विभिन्न विभागों के साथ बैठक में विनय कुमार प्रजापति निदेशक एमओपीएस डब्ल्यू और केंद्रीय भूजल विभाग के तकनीकी अधिकारी विद्या नंद नेगी, डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल, एडीसी (विकास) गुरप्रीत सिंह गिल, एनजीओ पंडित जगतराम मेमोरियल फोर्स ट्रस्ट के संजीव शर्मा मौजूद रहे। एडीसी (विकास) गुरप्रीत सिंह गिल ने जिला होशियारपुर में जल शक्ति अभियान के तहत की गई गतिविधियों, मिट्टी के प्रकार, जलवायु, पानी गिरने की गहराई, जल संरक्षण और जिले की जल संरक्षण योजना के लिए आयोजित जागरूकता शिविरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### 10 जुलाई को जालंधर पश्चिम विधान सभा क्षेत्र के मतदाताओ के लिए स्थानीय अवकाश की घोषणा

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने 34 जालंधर पश्चिम (एस.सी) विधान सभा क्षेत्र के उप चुनाव के मद्देनज़र 10 जुलाई, 2024 (बुधवार) को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स अधिनियम -1881 के तहत 34-जालंधर पश्चिम (एस.सी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों/बोर्डों/निगमों/शैक्षिक संस्थानों के लिए स्थानीय छुट्टियां घोषित की गई हैं। यदि कोई सरकारी अधिकारी/कर्मचारी 34-जालंधर पश्चिम (एससी) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता है और पंजाब राज्य के सरकारी कार्यालयों/बोर्डों/निगमों/सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत है, तो वह सक्षम अधिकारी को अपना मतदाता पहचान पत्र दिखा कर 10 जुलाई, 2024 इस विशेष अवकाश का लाभ उठाने के पात्र होंगे। यह अवकाश अधिकारी/कर्मचारी के अवकाश खाते से नहीं काटा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 बी(1) के प्रावधानों के अनुसार 10 जुलाई 2024 (बुधवार) को जालंधर के किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या किसी भी कार्य में कार्यरत सभी व्यक्ति पश्चिम (एससी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के लिए व्यक्तियों के लिए सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की निगरानी में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारी व कर्मचारी सम्मानित

### खर्चा आब्जर्वर और डिप्टी कमिशनर ने सौपे प्रशंसा पत्र

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



जालंधर लोक सभा चुनाव दौरान उम्मीदवारों द्वारा किए चुनाव खर्च पर सख़्त निगरानी को सुनिश्चित बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का आज यहाँ ज़िला प्रशासकीय कंपलैक्स में विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जालंधर लोक सभा चुनाव के लिए नियुक्त खर्चा आब्जर्वर माधव देशमुख और डिप्टी कमिश्नर डा.हिमांशु अग्रवाल ने सहायक खर्चा आब्ज़रवरों एँव ज़िला स्तरीय खर्चा निगरान समिति के स्टाफ को प्रशंसा पत्र सौंपते उनको मतदान दौरान निभाई शानदार सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि टीम सदस्यों द्वारा तनदेही और समर्पण भावना के साथ निभाई डियूटी से चुनाव खर्च की निगरानी जैसे व्यापक काम को उचित ढंग के साथ पूरा किया गया। प्रशंसा पत्र प्राप्त करने वालों में डी.सी. एफ.ए. अमन कुमार मैनी, डी.ए.ओ. प्रकाश कुमार, ए.सी.एफ.ए. कुलजीत कुमार और हरजोत कौर, इंटरनल ओडीटर हरविन्दर सिंह बेदी और ब्रिज किशोर शर्मा, अकाउंट अधिकारी संजय शर्मा, डिवैल्पमैंट अधिकारी सागर सैतिया, रेवेन्यू अकाउंटैंट परमजीत कौर और विपन कुमार, अकाउंटैंट मनबीर कुमार सीनियर सहायक मीनाक्षी सुमन और गौरव अरोड़ा, सीनियर अकाउंटैंट सचिन कुमार, सीनियर मैनेजर नरिन्दर मंगल, चन्दन कुमार, मनीष शर्मा और सुखविन्दर सिंह, मैनेजर हरमेश लाल, सहायक मैनेजर अनू जोशी, डिप्टी मैनेजर राकेश कुमार और मनीष कुमार, सुपरिंटैंडैंट अनिल संधू, एल.डी.सी. जगमीत सिंह, कैशियर आशिमा, क्लर्क रोहित कुमार,जीवन चंद्रा तिवाड़ी और राजेश कुमार शामिल है।

इस दौरान अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ज) मेजर डा. अमित महाजन, अतिरिक्त कमिश्नर नगर निगम जालंधर अमरजीत बैंस, चुनाव तहसीलदार सुखदेव सिंह, चुनाव कानूनगो राकेश कुमार आदि भी मौजूद थे।

## बरसात के कारण खराब हुई तहसील परिसर होशियारपुर की रोड हुई ठीक

**तहसील परिसर में काम करवाने आए लोगों को नहीं आने दी जाएगी कोई दिक्कत : एसडीएम**

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

एस.डी.एम होशियारपुर प्रीतइंदर सिंह बैंस ने कहा कि तहसील परिसर में बरसात के कारण खराब सड़क को लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ठीक करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि नए तहसील कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य व तेज बरसात के कारण तहसील परिसर के अंदर सड़क में जल भराव हो गया था, जिसे तुरंत ठीक करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि तेज बरसात के कारण लोगों को कुछ असुविधा हुई थी, जिसके लिए तुरंत एक्शन लिया गया है। उन्होंने कहा कि तहसील परिसर में काम करवाने आए लोगों को कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और तहसील कॉम्प्लेक्स के पुर्ननिर्माण के बाद यहां आने वाले लोगों की हर छोटी से बड़ी परेशानी का समाधान हो जाएगा।

एस.डी.एम ने बताया कि कुछ माह में ही तहसील परिसर का पुर्ननिर्माण हो जाएगा और लोगों को यहां बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि होशियारपुर तहसील करीब 6.50 करोड़ रुपए की लागत से बन रही है। उन्होंने बताया कि होशियारपुर तहसील कॉम्प्लेक्स में होने वाले निर्माण कार्य में एस.डी.एम कार्यालय, एस.डी.एम कोर्ट, तहसीलदार कार्यालय, तहसीलदार कोर्ट, सब रजिस्ट्रार कार्यालय, कैंटीन, लोगों के लिए वेटिंग एरिया, मीटिंग रुम, फर्द सैंटर व रिकार्ड रुम आदि शामिल है।

### खरीफ मक्की के बीज के लिए किसान 10 जुलाई तक करे आवेदन : डिप्टी कमिश्नर

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर



फसली विभिन्नता को उत्साहित करने के लिए पंजाब में इस समय खरीफ-2024 के दौरान बोई जाने वाली खरीफ ऋतु की मक्की पर पंजाब सरकार की ओर से Agrimachinerypb.com पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जारी है। डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि मक्की के बीज पर सब्सिडी प्राप्त करने के लिए बीज के खरीद बिलों व इनपुट्स की अंतिम तिथि 25 जून 2024 से बढ़ा कर 10 जुलाई 2024 तक कर दी गई है। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना से प्रमाणित मक्की की किस्मों पर 100 रुपए प्रति किलो या खरीद का 50 प्रतिशत हो, के हिसाब से सब्सिडी किसानों को डी.बी.टी के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएगी। एक किसान को अधिक से अधिक 5 एकड़ भाव 10 पैकेट बीज पर ही सब्सिडी दी जाएगी। सब्सिडी के लिए छोटे व मध्यमवर्गीय किसानों को पहल दी जाएगी।

### महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रत्येक जिले में ज़िला हब की स्थापना

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



'पंजाब सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के प्रत्येक जिले में ज़िला हब की स्थापना की गई है। यह बात सामाजिक सुरक्षा, स्त्री और बाल विकास मंत्री डा. बलजीत कौर ने कही। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा औरतों के सशक्तिकरण के लिए राज्य के सभी जिलों में एक नई शाखा की स्थापना की गई है जिसको ज़िला हब का नाम दिया गया है। डा. बलजीत कौर ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा, स्त्री और बाल विकास विभाग द्वारा ज़िला हब से 21 जून से पंजाब भर में 100 दिन का जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस जागरूकता अभियान के द्वारा महिलाओं, बच्चों की सुरक्षा और सशक्तिकरण सभी योजनाओं और कानूनों सम्बन्धित लोगों को जागरूक किया जा रहा है जिससे लोग पंजाब सरकार द्वारा लागू की जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ सम्बन्धित स्कीमों जैसे प्रधानमंत्री मातरू वन्दना योजना जिसके अंतर्गत पहला बच्चा लड़का या लड़की और दूसरा बच्चा सिर्फ़ लड़की के जन्म और योग्य लाभपात्री औरत दूध पिलाने वाली मां को क्रमअनुसार 5000 रुपए और 6000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है, बारे प्रचार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पालना स्कीम के अंतर्गत काम वाली औरतों के बच्चों की देखभाल के लिए क्रैच् खोले जाने है जिससे महिलाएं बेफ़िक्र हो कर अपने काम पर जा सकें और उनका आर्थिक सशक्तिकरण किया जा सके। सखी वन स्टाप सैंटर स्कीम जिसके अंतर्गत किसी भी तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मुफ़्त सेवाएं दी जाती है और वुमन हेल्पलाइन 181 आदि बारे कम्युनिटी/ स्कूलों/ कालेजों, ज़िलों एंव ब्लाकों में जागरूकता सैशन/ कैंप लगा कर जागरूकता फैलाई जाएगी।

## सांसद अरोड़ा ने सिविल अस्पताल, हलवारा हवाई अड्डे व एनएचएआई प्रोजेक्टों का लिया जायजा

### सिविल अस्पताल के अपग्रेडेशन के लिए जारी किए एक करोड़ रुपये

**लाडोवाल बाईपास पर 19 करोड़ रुपये की लागत से 21 किलोमीटर लंबे साइकिल ट्रैक के टेंडर जारी, एनएचएलएमएल ने एलिवेटेड रोड (लुधियाना-फिरोज़पुर) के साथ पार्किंग स्थलों पर काम शुरू किया**

• **जालंधर ब्रीज.** लुधियाना



लुधियाना के भगवान महावीर सिविल अस्पताल में मरीजों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर सुधार किया जाएगा। लुधियाना से राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा ने अपने एमपीलैड फंड से 2 करोड़ रुपये के योगदान की घोषणा की है, जिसमें से 1 करोड़ रुपये अस्पताल के बुनियादी ढांचे के अपग्रेडेशन के लिए और 1 करोड़ रुपये नए चिकित्सा उपकरण खरीदने के लिए आवंटित किए गए हैं।

बैठक के बाद बुनियादी ढांचे के अपग्रेडेशन के लिए एक करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। सिविल अस्पताल में विकास कार्यों की प्रगति, हलवारा हवाई अड्डे और एनएचएआई परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद संजीव अरोड़ा ने डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी के साथ कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए, स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में सुधार करना सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। 1 करोड़ रुपए प्रमुख बुनियादी ढांचे के अपग्रेडेशन पर खर्च किए जाएंगे, जबकि 1 करोड़ रुपए उच्च श्रेणी के चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे। डॉक्टरों की आवश्यकताओं के आधार पर नए उच्च तकनीक वाले उपकरण खरीदे जाएंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रोगियों को एक ही छत के नीचे सभी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने अधिकारियों को कामों को तेजी से पूरा करने के लिए एक सुपरवाइजरी कमेटी बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सिविल अस्पताल में नई सीवरेज प्रणाली, फर्श और सड़क की टाइलिंग, वॉशरूम और मदर एंड चाइल्ड सेंटर के जीर्णोद्धार पर काम कर रहे ठेकेदारों से काम की गति तेज करने को कहा। दो लिफ्टों की मरम्मत और पूरे सिविल अस्पताल की इमारत को वाटरप्रूफ करने की परियोजना इस सप्ताह शुरू होगी।

इसके अलावा, सांसद संजीव अरोड़ा ने हलवारा हवाई अड्डे पर विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और कहा कि वह जल्द ही इंडियन एयर फोर्स (आईएएफ) के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे ताकि आईएएफ कैंपस में लंबित कार्यों को संबोधित किया जा सके ताकि उड़ानों को शीघ्र शुरू किया जा सके। उन्होंने ठेकेदारों से कार्यकारी एजेंसी को टर्मिनल बिल्डिंग के लिए सुरक्षा प्रमाण पत्र जमा करने का भी आग्रह किया।

अरोड़ा ने लुधियाना में एनएचएआई परियोजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि लाडोवाल बाईपास के साथ 19 करोड़ रुपये की लागत से दोनों तरफ 21 किलोमीटर लंबे साइकिल ट्रैक के निर्माण के लिए एनएचएआई द्वारा निविदाएं पहले ही जारी कर दी गई हैं। इसके अतिरिक्त, नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) ने एलिवेटेड रोड (लुधियाना-फिरोजपुर) के साथ पार्किंग स्थल विकसित करने का काम शुरू कर दिया है, जिससे यातायात की भीड़ कम होगी और आम जनता को लाभ होगा। उन्होंने लुधियाना-रोपड़, दक्षिणी बाईपास और सिधवां नहर पर चार पुलों के निर्माण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने बचत भवन के अपग्रेडेशन के लिए 15 लाख रुपये के योगदान की भी घोषणा की।

## एसएसएस-एनआईबीई द्वारा राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला/जालंधर




सरदार स्वर्ण सिंह राष्ट्रीय जैव ऊर्जा संस्थान (एसएसएस-एनआईबीई), कपूरथला, एनटीपीसी अधिकारियों के लिए "थर्मल पावर प्लांट अनुप्रयोगों के लिए कृषि-बायोमास नमूनाकरण और लक्षण वर्णन तकनीकों पर विशेष व्यावहारिक प्रशिक्षण सह कार्यशाला" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन एसएसएस-एनआईबीई के महानिदेशक डॉ. जी श्रीधर, मुख्य अतिथि श्री सतीश उपाध्याय, मिशन निदेशक, समर्थ मिशन, विशिष्ट अतिथि श्री वी चंद्रशेखरन, महाप्रबंधक, एनटीपीसी ने मां सरस्वती की पूजा के साथ किया। डॉ. श्रीधर ने फसल अवशेषों की प्रचुर उपलब्धता के कारण भारतीय संदर्भ में बायोमास आधारित बिजली उत्पादन की प्रासंगिकता और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बायोमास आधारित बिजली उत्पादन गतिविधियों का समर्थन करने के लिए एसएसएस-एनआईबीई द्वारा किए जा रहे शोध कार्य और बायोमास सह-फायरिंग पर थर्मल पावर प्लांट्स के सामने आने वाली कुछ चुनौतियों के लिए आवश्यकता-आधारित समाधानों को भी रेखांकित किया। श्री सतीश उपाध्याय ने अपने संबोधन में समर्थ मिशन के लक्ष्यों और उद्देश्यों तथा थर्मल पावर प्लांट में फसल अवशेष बायोमास के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों को कोयले के साथ सह-फायरिंग के लिए बायोमास के उपयोग की वर्तमान सफलता तथा देश में स्थिरता और नवाचार के लिए इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मिशन की सफलता के लिए अनुसंधान एवं विकास तथा मानकीकरण की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। श्री चंद्रशेखरन ने अपने संबोधन में परीक्षण पद्धति और मापदंडों के लिए परीक्षण में एकरूपता के महत्व पर जोर दिया। दोनों अतिथियों ने बायोमास क्षेत्र के लिए उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान एवं विकास में एनआईबीई की भूमिका को स्वीकार किया और बताया कि कैसे यह व्यावहारिक कार्यशाला एनटीपीसी अधिकारियों के लिए बायोमास नमूनाकरण और इसके लक्षण वर्णन में सहायक होगी। एसएसएस-एनआईबीई के वैज्ञानिक-सी डॉ. कुंवर पाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

कार्यशाला में देशभर से एनटीपीसी के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के वक्ताओं में आईआईटी-आईएसएम धनबाद, थापर यूनिवर्सिटी आदि के प्रतिष्ठित शिक्षक शामिल थे। इस कार्यशाला के सफलतापूर्वक समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे।

### "हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन" द्वारा महिलाओं और केंद्रित मुद्दों पर जागरूकता शिविर



• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत "महिला सशक्तिकरण केंद्र", नई दिल्ली ने पूरे भारत में 21 जून से 4 अक्टूबर 2024 तक महिलाओं और केंद्रित मुद्दों पर जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए 100 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रोग्राम अधिकारी कार्यक्रम होशियारपुर हरदीप कौर के नेतृत्व में इस 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत ट्रेनिंग सेंटर, राम कॉलोनी कैंप, चंडीगढ़ रोड, होशियारपुर में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला मिशन शक्ति कोऑर्डिनेटर गुरविंदर सिंह ने भारतीय न्याय सहायता के संबंध में आंगनवाड़ी वर्करों के साथ जानकारी साझा की और उन्हें यह जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.